भारतीय वानिकी अनुसन्धान एवं शिक्षा परिषद् में हिन्दी सप्ताह का आयोजन

हिन्दी के प्रचार–प्रसार हेतु भारतीय वानिकी अनुसन्धान एवं शिक्षा परिषद् में दिनांक 16 से 23 सितम्बर 2013 के मध्य हिन्दी सप्ताह समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान 5 विभिन्न प्रतियोगिताओं नामतः निबन्ध प्रतियोगिता, टिप्पण लेखन प्रतियोगिता, अंग्रेजी से हिन्दी अनुवाद प्रतियोगिता, कम्प्यूटर पर हिन्दी टंकण प्रतियोगिता तथा स्वरचित काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आज दिनांक 23 सितम्बर 2013 को भा.वा.अ.शि.प. के सभागार में स्वरचित काव्य पाठ प्रतियोगिता तथा समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री शैवाल दासगुप्ता, उप महानिदेशक (विस्तार) मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि श्री शैवाल दासगुप्ता, उप महानिदेशक (विस्तार) द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए श्री शैवाल दासगुप्ता, उप महानिदेशक (विस्तार) ने राजभाषा हिन्दी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् राजभाषा हिन्दी के प्रचार–प्रसार के लिए कटिबद्ध है तथा इसके लिए वह विभिन्न प्रकार के हिन्दी से संबंधित कार्यक्रम जैसे हिन्दी प्रशिक्षण कार्यशालाएं, सारांश सॉफ्टवेयर प्रशिक्षण आदि आयोजित करती रहती है जिससे दैनिक सरकारी काम–काज में वृद्धि तथा सुधार होता है। उन्होने राजभाषा हिन्दी के कार्यान्वयन के लिए और अधिक प्रयासों हेतु आह्वान किया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किये गये। मुख्य अतिथि ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि जीतने से अधिक महत्वपूर्ण भाग लेना होता है। समारोह का समापन श्री विवेक खाण्डेकर, सहायक महानिदेशक (मीडिया एवं विस्तार) द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ। इस कार्यक्रम में लगभग 125 लोग उपस्थित थे।

हिन्दी सप्ताह समारोह 2013 में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं तथा उसके विजेताओं का विवरण निम्नलिखित है :

दिनांक 16 सितम्बर 2013 में आयोजित निबन्ध प्रतियोगिता में कुल 8 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसके विजेता निम्नलिखित है :

1. श्रीमती कला नैथानी, प्रशासन निदेशालय – प्रथम पुरस्कार
2. श्री विजय भूषण जखमोला, सहायक, सचिव कार्यालय – द्वितीय पुरस्कार
3. सुश्री अंशु गर्ग, मीडिया एंव विस्तार प्रभाग – तृतीय पुरस्कार
4. सुश्री रूचि कोरंगा, शिक्षा निदेशालय – सांत्वना पुरस्कार

दिनांक 17 सितम्बर 2013 में आयोजित टिप्पण लेखन प्रतियोगिता में कुल 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसके विजेता निम्नलिखित है :

1. श्री शमशेर खान, निजी सचिव, उप महानिदेशक (अनुसंधान) – प्रथम पुरस्कार
2. श्री छत्रपालसिंह सैनी, सहायक, आहरण एवं संवितरण अधिकारी, कार्यालय – द्वितीय पुरस्कार
3. श्री राजकुमार, शिक्षा निदेशालय – तृतीय पुरस्कार
4. श्री राजेश चंद शर्मा, उच्च श्रेणी लिपिक, बजट अनुभाग – सांत्वना पुरस्कार

दिनांक 18 सितम्बर 2013 में आयोजित अंग्रेजी से हिन्दी अनुवाद प्रतियोगिता में कुल 13 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसके विजेता निम्नलिखित है :

1. श्री छत्रपालसिंह सैनी, सहायक, आहरण एवं संवितरण अधिकारी, कार्यालय – प्रथम पुरस्कार
2. श्री शमशेर खान, निजी सचिव, उप महानिदेशक (अनुसंधान) – द्वितीय पुरस्कार
3. श्री राजेश चंद शर्मा, उच्च श्रेणी लिपिक, बजट अनुभाग – तृतीय पुरस्कार
4. श्री राजकुमार, शिक्षा निदेशालय – सांत्वना पुरस्कार

दिनांक 19 सितम्बर 2013 में आयोजित कम्प्यूटर पर हिन्दी टंकण प्रतियोगिता में कुल 7 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसके विजेता निम्नलिखित है :

1. सुश्री अंशु गर्ग, मीडिया एंव विस्तार प्रभाग – प्रथम पुरस्कार
2. श्री मनीष कुमार, मीडिया एंव विस्तार प्रभाग – द्वितीय पुरस्कार
3. श्रीमती मोनिका गढ़िया, प्रशासन निदेशालय – तृतीय पुरस्कार
4. श्रीमती कला नैथानी, प्रशासन निदेशालय – सांत्वना पुरस्कार

दिनांक 23 सितम्बर 2013 में आयोजित स्वरचित काव्य पाठ प्रतियोगिता में कुल 9 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसके विजेता निम्नलिखित है :

1. श्री राकेश कुमार वर्मा, सूचना प्रौद्योगिकी प्रभाग – प्रथम पुरस्कार
2. श्री छत्रपालसिंह सैनी, सहायक, आहरण एवं संवितरण अधिकारी, कार्यालय – द्वितीय पुरस्कार
3. श्री विरेन्द्र प्रसाद खंकरियाल, संविदा कर्मी, प्रशासन निदेशालय – तृतीय पुरस्कार
4. श्री संजीव खुगशाल, सहायक, सचिव कार्यालय – सांत्वना पुरस्कार

हिन्दी सप्ताह
2013
काव्यपाठ
16 से 23 सितम्बर
भारतीय वानिकी अनुसन्धान एवं शिक्षा परिषद

EXIT

EXIT

EXIT

हिन्दी सप्ताह समारोह
16 से 23 सितम्बर 2013
मीडिया एवं विस्तार प्रभाग,